विविध गतिविधियां

एसआरएम में ओरिएंटशन कार्यक्रम

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान प्रबंधन • सौजन्यः संस्थान

जासं, गाजियाबाद : एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं होटल मैनेजमेंट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर होटल मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का परिचय कराया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक डा. एंथनी अशोक कुमार व संस्थान के विभिन्न विभागों से परिचय कराया गया। साथ ही पाठ्यक्रम की विषय वस्तु एवं पाठ्यक्रम में संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर संचालक डा. एंथनी अशोक कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डा. विश्वनाथन, डीन डीके शर्मा, इंडस्ट्रीज से आए सैफ सब्यसाची गोरई, सौरभ दत्ता, जीएम पार्क इन वाय रेडिएशन, एडमीशन डीन डा. आरपी महापात्रा, संस्थान के प्रिंसिपल यतेंद्र कुमार, स्वाती शर्मा, पंकज शिशौदिया, हरेंद्र, शिल्पा, सोनी पांडेय, राज मिश्रा, सुरभि त्यागी, वेद प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित